मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेल पाऊंगी, खासकर जब अगले महीने एक बहुत महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होने वाला है। अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स तक वह पूरी तरह फिट हो जाएंगी। - एलेना रायबाकिना

कजाकिस्तान टेनिस खिलाड़ी, अपनी चोट को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

अभिषेक

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक ने शुक्रवार को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब-2026 में जापान के खिलाफ लीग चरण के मुकाबले के दौरान भारत के लिए 150 सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का आंकड़ा पूरा किया। 27 वर्षीय अभिषेक ने वर्ष 2022 में सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। अभिषेक के करियर की प्रमुख उपलब्धियों में पेरिस ओलंपिक-2024 का कांस्य पदक और हांगझोऊ-2023 तथा आइची-नागोया-2026 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक शामिल हैं।

क्या आप जानते हैं ?... 1983 विश्व कप : दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम 52 ओवरों में 140 रनों पर ऑल आउट हो गई।

मुंबई इंडियंस के कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव, उथप्पा और टी. दिलीप को मिली अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले मुंबई इंडियंस ने अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। नए मुख्य कोच कीरोन पोलार्ड के नेतृत्व में टीम ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा को बल्लेबाजी कोच और टी. दिलीप को क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच और धवल कुलकर्णी को विकासात्मक गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुंबई इंडियंस ने इससे पहले लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्ब्रे और कार्ल हॉपकिन्सन से नाता तोड़ लिया था। मलिंगा 2024 से टीम के गेंदबाजी कोच थे, जबकि हॉपकिन्सन क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभा रहे थे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए प्रसिद्ध कृष्णा, भारत-ए टीम से जुड़ेंगे

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग की चोट से समय पर उबरने में नाकाम रहने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अब वह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम से जुड़ेंगे। हालांकि, इसके लिए उन्हें फिटनेस जांच और मैदान पर वापसी से जुड़ा आकलन (आरटीपी) पास करना होगा। इसके बाद ही उनके खेलने पर फैसला होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा कि प्रसिद्ध को मैच खेलने के लिए जरूरी गेंदबाजी कार्यभार हासिल करने में अभी अतिरिक्त समय लगेगा। वनडे टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पहले ही आराम दिया जा चुका है।

हायलो ओपन : सिंधु और अनमोल क्वार्टर फाइनल में

सारब्रुकेन, 30 अक्टूबर। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने हायलो ओपन 2026 के महिला एकल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने फ्रांस की रोसी ओक्टाविया पंकासारी को सीधे गेमों में 21-9, 21-6 से हराया। यह मुकाबला 30 मिनट से भी कम समय में समाप्त हो गया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु इस सुपर 500 प्रतियोगिता में फ्रेंच ओपन सुपर 750 में उपविजेता रहने के बाद उतरी हैं। फ्रेंच ओपन के फाइनल में उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच युवा भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब ने भी शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 19 वर्षीय अनमोल ने प्री-क्वार्टर फाइनल में उच्च वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन को एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 21-18, 25-23 से हराया।

चोट से उबर रहे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट से तेजी से उबर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी चोट में काफी सुधार हुआ है और वह अगले कुछ सप्ताह में अभ्यास तथा पुनर्वास की प्रक्रिया दोबारा शुरू करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की मीडिया टीम से बातचीत में नीरज ने अपनी चोट के बारे में जानकारी देते हुए कहा, अब मेरी चोट काफी बेहतर है। शुरुआत में पहले डेढ़ महीने के दौरान मुझे कुछ परेशानियां हुई थीं लेकिन अब काफी सुधार हुआ है।

वियना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

वियना, 30 अक्टूबर। जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वियना ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के साथ ही पहली बार विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करना सुनिश्चित कर लिया है। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल में ज्वेरेव ने नीदरलैंड के टालोन ठिक्सपुर को 6-4, 7-5 से हराया। सोमवार को जारी होने वाली नई रैंकिंग में वह इटली के यानिक सिनर को पीछे छोड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। 29 वर्षीय ज्वेरेव फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतने के बाद शानदार लय में हैं। वह 1991 में बोरिस बेकर के बाद विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले जर्मनी के दूसरे पुरुष टेनिस खिलाड़ी होंगे। वर्ष 1973 में विश्व रैंकिंग शुरू होने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले वह 30वें पुरुष खिलाड़ी बनेंगे।

हॉकी विश्व कप 2030 की मेजबानी के लिए पंजाब, ओडिशा और तमिलनाडु सबसे आगे

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि पंजाब, ओडिशा और तमिलनाडु 2030 में होने वाले पुरुष और महिला एफआईएच विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। ओडिशा दो बार पुरुषों के विश्व कप का मेजबान रह चुका है जबकि तमिलनाडु ने पिछले साल चेन्नई और मदुरै में पुरुषों के जूनियर विश्व कप की मेजबानी की थी। भारतीय हॉकी का गढ़ रहे पंजाब ने कभी विश्व कप की मेजबानी नहीं की है। वह अभी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहा है। यह पिछले 17 वर्ष में पहला मौका है।

फिलिप्स के तूफानी शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में भारत को 87 रन से हराया

भारत पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे

ऑकलैंड, 30 अक्टूबर। ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और माइकल ब्रेसवेल की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 87 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड के 259 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 172 रन पर सिमट गई। हालांकि इस हार के बावजूद भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से आगे है।

260 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। जैकब डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन को चार रन और ईशान किशन को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में 27 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके और एक छक्का लगाया। मैथ्यू फिशर ने उन्हें पांचवें ओवर में आउट कर दिया। श्रेयस अय्यर ने 11 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। उनकी पारी में चार चौके शामिल रहे, लेकिन छठे ओवर में एडम मिल्ने ने उन्हें बोल्ड कर दिया। पावरप्ले के छह ओवर के बाद भारत का स्कोर चार विकेट पर 61 रन था। इसके बाद नमन धीर और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने की कोशिश की। नमन ने 13 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे।

डफी ने 12वें ओवर में उन्हें आउट किया। डेरिल मिचेल और नाथन स्मिथ ने मिलकर बाउंड्री के पास उनका कैच पकड़ा। नमन के अलावा नितीश रेड्डी ने भी 10 गेंदों पर 2 छक्कों की बदौलत 21 रन बनाए। उन्हें सेंटनर ने अपना शिकार बनाया। तिलक वर्मा ने 35 गेंदों में 35 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चौके और छक्के लगाए और आखिरी तक संघर्ष जारी रखा। हालांकि, पारी के दूसरे अंतिम ओवर में मैथ्यू फिशर ने उनका विकेट लेकर भारत की बची हुई उम्मीदों को भी झटका दिया। प्रिंस यादव ने अंतिम ओवरों में कुछ तेज रन बनाए और 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब डफी ने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट हासिल किए। मिचेल सैंटनर और मैथ्यू फिशर ने दो-दो, जबकि एडम मिल्ने को एक सफलता मिली।

ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल का तूफान

ग्लेन फिलिप्स के शानदार शतक और माइकल ब्रेसवेल की तूफानी अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत के खिलाफ सात विकेट पर 259 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन बनाए, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन की विस्फोटक पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 40 गेंदों में 115 रन की साझेदारी की।

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने अर्शदीप सिंह

ऑकलैंड, 30 अक्टूबर। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। अर्शदीप ने 103 मैचों की 99 पारियों में 20.62 की औसत और 8.65 की इकोनॉमी से 150 विकेट पूरे किए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51 रन देकर पांच विकेट रहा है। इस उपलब्धि के साथ वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अर्शदीप टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे तेज गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे पहले न्यूजीलैंड के टिम साउदी और बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इस प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के राशिद खान के नाम है, जिन्होंने 200 विकेट लिए हैं। वह इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दुनिया के इकलौते गेंदबाज हैं।

टीम की गेंदबाजी में 'कमी' रह गई : श्रेयस अय्यर

ऑकलैंड, 30 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ 87 रनों की हार के बाद, भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि टीम की गेंदबाजी में ''कमी'' रह गई थी। उन्होंने न्यूजीलैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ग्लेन फिलिप्स के शतक की तारीफ की। मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान अय्यर ने कहा कि मुझे लगता है कि शुरुआत में हमारी गेंदबाजी में कुछ कमी रह गई। पावरप्ले में, खासकर तीसरे ओवर से, उन्हें मोमेंटम मिल गया। हमारे कुछ गेंदबाजों ने दबाव बनाने की कोशिश जरूर की, लेकिन ग्लेन ने शानदार पारी खेली। उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए, जिन्हें देखना वाकई सुखद था। उनकी जितनी तारीफ की जाए, कम है। पूरी सीरीज में उनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है, इसलिए उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता है।

मनीषा भानवाला ने जीता विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। भारतीय कुश्ती के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। हरियाणा की मनीषा भानवाला ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। वह विश्व कुश्ती चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं। 29 साल की मनीषा ने 59 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में अमेरिका की ए. एलिजाबेथ नेटे को 8-6 से हराकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। मुकाबला काफी रोमांचक रहा, क्योंकि पहले दौर के बाद मनीषा 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला



अपने नाम कर लिया। हालांकि, 59 किलोग्राम भार वर्ग ओलंपिक की श्रेणी में शामिल नहीं है, लेकिन मनीषा की इस जीत का महत्व कम नहीं है। इससे पहले किसी भी भारतीय महिला पहलवान ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक नहीं जीता था। इस बार भारतीय महिला पहलवानों का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा। मनीषा के अलावा नीलम सिरोही ने 50 किलोग्राम और काजल ढोचक ने 76 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, दोनों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ये दोनों भार वर्ग ओलंपिक की श्रेणी में शामिल हैं। मनीषा से पहले अंशु मलिक विश्व चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचने वाली इकलौती भारतीय महिला पहलवान थीं। उन्होंने 2021 में 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। वहीं, देश की अनुभवी पहलवान विनेश फोगाट विश्व चैंपियनशिप में 2 कांस्य पदक जीत चुकी हैं। अंतिम पंघाल के नाम भी 2 कांस्य पदक हैं, जो उन्होंने ओलंपिक भार वर्गों में हासिल किए हैं।

रोहित संभालेंगे मुंबई इंडियंस की कमान?

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा को वापस कप्तान बनाने की तैयारी कर रही है। टीम मैनेजमेंट हार्दिक पांड्या के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है, जिन्होंने तीन साल पहले रोहित की जगह कप्तानी संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान, मुंबई केवल एक बार प्लेऑफ़ में पहुँच पाई। अब टीम न केवल कप्तान बदलने पर विचार कर रही है, बल्कि हार्दिक को ट्रेड करने के लिए भी तैयार है। रिपोर्ट्स के अनुसार, वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड रवाना होने से पहले मैनेजमेंट ने रोहित से संपर्क किया था। उनसे फिर से जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा गया और दिलचस्प बात यह है कि वे इस प्रस्ताव के लिए मान गए हैं।

अंडर-19 एशिया कप में द्रविड़ और सहवाग के बेटों को मिला मौका, भारतीय टीम घोषित

मस्कट में 5 नवंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। मस्कट (ओमान) में 5 से 14 नवंबर तक खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जूनियर क्रिकेट समिति ने टीम का चयन किया है। अन्वय द्रविड़ विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल हैं, जबकि आर्यवीर सहवाग को बल्लेबाज के तौर पर चुना गया है। दोनों युवा खिलाड़ियों के लिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अहम अवसर होगा। टीम की कप्तानी लक्ष्य रायचंदानी को सौंपी गई है, जबकि यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे।

भारतीय टीम : लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), आर्यवीर सहवाग, वी.के. विनीत, यशवर्धन सिंह चौहान (उपकप्तान), कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), रजत बघेल (विकेटकीपर), वी. यशवीर, आर्यन सावसानी, मोहित उल्वा, काव्या पटेल, शाविन विनोद और ईशान सूद।

मुख्यमंत्री दिखाएंगे 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी

अमर जवान ज्योति से सुबह 7.30 बजे होगा शुभारंभ, राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई जाएगी

जयपुर, 30 अक्टूबर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को जयपुर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सुबह 7:30 बजे अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना करेंगे।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से आयोजित इस दौड़ का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें जयपुर जिला कलक्टर संदेश नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

परिषद के सचिव राजकेश मीणा ने बताया कि दौड़ में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, प्रशिक्षक, रनर्स क्लब, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। दौड़ अमर जवान ज्योति से शुरू होकर विधानसभा, नगर निगम, अर्जुन गेट, रामबाग सर्किल और अंबेडकर सर्किल होते हुए वापस अमर जवान ज्योति पर संपन्न होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ का वाचन भी किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण और देश के एकीकरण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया जाएगा।

हिमांशु के पांच विकेट से राजस्थान को पहली पारी में बढ़त

जयपुर, 30 अक्टूबर। बीसीसीआई अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में राजस्थान और मुंबई के बीच खेला गया मुकाबला ड्रॉ रहा। मुंबई के सचिन तेंदुलकर जिमखाना ग्राउंड, कांदिवली में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान ने पहली पारी में बढ़त हासिल की। राजस्थान ने पहली पारी में 491 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 390 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई की ओर से प्रतीक यादव ने 161 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। राजस्थान की ओर से हिमांशु नेहरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 154 रन देकर 5 विकेट झटके। आयुष अमेरिया ने 2 विकेट लिए, जबकि राहुल चौधरी, पार्थ यादव और अंकित कुमार को एक-एक विकेट मिला। गेंदबाजों के इस प्रदर्शन से राजस्थान को पहली पारी में 101 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। मैच के अंतिम दिन खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 53 रन बना लिए थे। पार्थ यादव 32 और प्रशांत माली 19 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह मुकाबला ड्रॉ रहा और राजस्थान ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बेहतर प्रदर्शन किया।

राष्ट्रमंडल कबड्डी चैम्पियनशिप : भारत और युगांडा के बीच होगा महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला

अहमदाबाद, 30 अक्टूबर। राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप 2026 के आठवें दिन शुक्रवार को वीर सावरकर खेल परिसर में महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। भारत और युगांडा ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली। युगांडा ने जहां केन्या को बेहद रोमांचक मुकाबले में 23-21 से हराया, वहीं भारतीय टीम ने श्रीलंका को 39-14 से करारी शिकस्त दी।महिला वर्ग का फाइनल 31 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे भारतीय समयानुसार भारत और युगांडा के बीच खेला जाएगा।

टीम जयपुर जूनियर, यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स और यूनाइटेड किंगडम लायंस के बीच होगा मुकाबला

जयपुर, 30 अक्टूबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शनिवार, 31 अक्टूबर को इंटरनेशनल जूनियर पोलो मैच 2026 का आयोजन किया जा रहा है। नाइट पोलो में शाम 6 बजे से शुरू होने वाले यह मैच टीम जयपुर जूनियर, यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स और यूनाइटेड किंगडम लायंस के बीच होंगे। पहले मुकाबले में टीम जयपुर जूनियर टीम और यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स टीम आमने-सामने होंगी। पहले मैच में हारने वाली टीम का मुकाबला यूनाइटेड किंगडम लायंस से होगा, जबकि पहले मैच की विजेता टीम दूसरे मुकाबले में यूनाइटेड किंगडम लायंस से मुकाबला करेगी। प्रत्येक मैच दो चक्कर दो चक्कर के होंगे। दोनों मैचों में टीमों के कुल अंकों के आधार पर ओवरऑल विजेता का फैसला किया जाएगा। जयपुर जूनियर टीम में अयान अली, हर्षोदय सिंह, लक्ष्यराज सिंह राजावत और पद्मनाभ सिंह शामिल होंगे। वहीं, यूनाइटेड किंगडम जूनियर्स टीम की ओर से जेम्स फॉल, फिन मार्टिन, विल्फ कॉपकट और विल एमर्सन मैदान में उतरेंगे। जबकि, टीम यूनाइटेड किंगडम लायंस टीम में अखिलीज नंदल, एडवर्ड चेनी, अथर्व सिंह चौहान और मारियानो डार्रिचों खेलेंगे। उल्लेखनीय है कि यह मैच युवा खिलाड़ियों में पोलो के खेल को बढ़ावा देने, उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

मयंक के नाबाद 85 रन से एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी जीती

जयपुर, 30 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी ने एस.जे. पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हराया। इम्पीरियल ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में एस.जे. पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन बनाए। टीम की ओर से जयंत तिवारी ने 65 और रेहान अली ने 58 रन की पारियां खेलीं। जवाब में एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी ने मयंक सारस्वत की नाबाद 85 रन की शानदार पारी और मोहम्मद खुर्शीद के नाबाद 50 रन की बदौलत 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर 194 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। मयंक ने 43 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्के लगाए। गेंदबाजी में एस.जे. पब्लिक स्कूल की ओर से साहिल नायक ने एक विकेट लिया। इस मुकाबले में मयंक सारस्वत को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए राजस्थान की अंडर-16 टीम घोषित, 15 खिलाड़ियों को मिला मौका

लखनऊ में 14 नवंबर से शुरू होंगे मुकाबले, राजस्थान का पहला मैच गोवा से

जयपुर, 30 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में जयपुर, सीकर, अलवर, कोटा, श्रीगंगानगर, भरतपुर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, धौलपुर, जोधपुर और चूरू जिलों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा आठ खिलाड़ियों को स्टैंडबाय में रखा गया है।

राजस्थान की 15 सदस्यीय टीम : कुमार वासुदेव - जयपुर, आदित्यराज बादसरा - सीकर, तविश शर्मा - अलवर, सचिन मीणा - जयपुर, निलय अरोड़ा - कोटा, सुशांत बसंत - श्रीगंगानगर, वशिष्ठ शर्मा - भरतपुर, दैविक सोमानी - भीलवाड़ा, निधिश राज - सवाई माधोपुर, हर्षित यादव - धौलपुर, लाव्य गुप्ता - जयपुर, साहिल खान - जोधपुर, अंजान्या शर्मा - चूरू, नमन यादव - अलवर, लवमीत गुर्जर - सीकर।

स्टैंडबाय खिलाड़ी : निश्चल शर्मा (भरतपुर), अवि सुवालका (भीलवाड़ा), दिव्यांशु धातरवाल (चूरू), कौस्तव धनकर (धौलपुर), विवान गर्ग (जोधपुर), आदित्य रंगा (बीकानेर), विवेक बागड़ी (कोटा) और गुरताज सिंह (श्रीगंगानगर)।

राजस्थान के मुकाबलों का कार्यक्रम

14-16 नवंबर - गोवा बनाम राजस्थान
19-21 नवंबर - राजस्थान बनाम महाराष्ट्र
25-27 नवंबर - राजस्थान बनाम उत्तराखंड
30 नवंबर-2 दिसंबर - राजस्थान बनाम छत्तीसगढ़
6-8 दिसंबर - राजस्थान बनाम कर्नाटक

राजस्थान के सभी लीग मुकाबले लखनऊ में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के नॉकआउट मुकाबले 12 दिसंबर 2026 से 5 जनवरी 2027 तक सूरत में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होंगे।

अंडर-16 अभ्यास मैचों में वशिष्ठ शर्मा और निलय अरोड़ा के शानदार शतक

जयपुर, 30 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से आयोजित अंडर-16 अभ्यास मैचों के तीसरे एवं अंतिम दिन दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे। केएल सैनी स्टेडियम में टीम ए ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर टीम सी के खिलाफ मुकाबले में बढ़त हासिल की। वहीं, एम स्क्वायर ग्राउंड पर टीम बी ने टीम डी के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। केएल सैनी स्टेडियम में टीम ए ने पहली पारी में 8 विकेट पर 340 रन बनाकर पारी घोषित की। वशिष्ठ शर्मा ने 248 गेंदों में 25 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 180 रन बनाए। जवाब में टीम सी ने 6 विकेट पर 337 रन बनाए। कुमार वासुदेव ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। टीम ए ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 195 रन बनाकर घोषित की। वशिष्ठ

शर्मा ने नाबाद 59, अमरनाथ सिंघा ने 57 और आदित्य यादव ने 51 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम सी ने दूसरी पारी में 5 विकेट पर 179 रन बनाए। विवेक बागड़ी ने 56 और सुशांत बसनेत ने 54 रन बनाए। एम स्क्वायर ग्राउंड पर टीम बी ने पहली पारी में 8 विकेट पर 370 रन बनाकर पारी घोषित की। निलय अरोड़ा ने 245 गेंदों में 20 चौके और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 163 रन बनाए। जवाब में टीम डी 211 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम बी ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 185 रन बनाकर पारी घोषित की। माधव गोपाल गौतम ने 94 और दिव्यांशु ने 45 रन बनाए। दूसरी पारी में टीम डी ने 2 विकेट पर 203 रन बनाए। दैविक सोमानी ने नाबाद 108 और निश्छल शर्मा ने 61 रन बनाए। यह मुकाबला भी ड्रॉ रहा और टीम बी को पहली पारी में बढ़त मिली।

अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच रद्द

आरसीए अकादमी मैदान पर टीम बी और टीम सी के बीच प्रस्तावित अंडर-23 महिला टी-20 अभ्यास मैच